आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

लोकसभा चुनाव

लोकसभा की 4 और विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 प्रत्याशियों के चयन के लिए कल नई दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक पूर्व मंत्री भगत चरण दास की अध्यक्षता में हुई। मंडी संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के साथ लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का नाम पर भी चर्चा की गई। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा कांगड़ा व शिमला संसदीय क्षेत्र व विधानसभा उपचुनावों के लिए टिकट का दावा जताने वाले सभी नेताओं के नामों पर चर्चा हुई है। बैठक के बाद प्रत्याशियों का पैनल केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा गया है। 11 अप्रैल को प्रस्तावित केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में सभी सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर मोहर लगने की संभावना है।

अनुराग ठाकुर

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण, युवा मामले व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज ऊना जिला के बसदेहरा तथा सलोह में अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में भाग लेंगे।

इससे पूर्व अनुराग सिंह ठाकुर ने कल श्री नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर कई कार्यक्रमों में भाग लिया। जगताखाना में एस.सी. मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार दलितों, शोषितों और वंचितों को मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें संवैधानिक अधिकार और सामाजिक न्याय देने के लिए वचनबद्ध है।

मतदान संदेश

आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत कई गतिविधियां करवाई जा रही हैं। हमीरपुर जिले में भी खाद्य आपूर्ति विभाग और रसोई गैस एजेंसियों के सहयोग से गैस सिलेंडरों पर भी स्टिकर्स के माध्यम से मतदान का संदेश घर–घर पहुंचाने की पहल की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने कल हमीरपुर से गैस सिलेंडरों की गाड़ी को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जिले में मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए कई गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

मतदाता सूचियां

लोकसभा निर्वाचन–2024 के तहत मतदाता सूची में छूटे हुए महिला मतदाताओं तथा दिव्यांगों के नामों का पंजीकरण करने के लिए 04 मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। धर्मशाला के जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि मतदाता लिंग अनुपात के अंतर को पूरा करने के लिए बूथ लेवल

अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सहयोग से मतदाता सूची में छूटे हुए महिला मतदाताओं के नाम पंजीकृत करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल अधिकारियों तथा स्वयं सहायता समूहों व महिला मंडलों के माध्यम से पात्र महिलाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए विशेष अभियान आरंभ किया जाएगा ताकि कोई भी मतदान से वंचित नहीं रहे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस दिन लोगों को सेहत से जुड़ी समस्याओं और स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस वर्ष की थीम है 'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार'। इस थीम का उद्देश्य हर किसी को हर जगह जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य शिक्षाएं और उससे जुड़ी जानकारियां प्रदान करना है। वर्ष 1950 में आज ही के दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के दिन प्रथम विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

सी–विजिल ऐप

ऊना के जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने बताया कि चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन करने वालों की शिकायत सी–विजिल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। सभी लोग सीविजिल डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन या एंड्रॉयड फोन पर प्ले स्टोर के माध्यम से आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके जरिये आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और रुपयों के लेनदेन की शिकायत मौके से साक्ष्य के साथ भेजी जा सकती है। सी–विजिल एप में वीडियो–फोटो के साथ दर्ज शिकायत का अधिकतम 100 मिनट के भीतर निपटारा तय किया गया है।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....</u>

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी की सुर्खी है–मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए प्रतिभा के बाद सामने आया विक्रमादित्य का नाम। अमर उजाला का शीर्षक है–मंडी से विक्रमादित्य, शिमला से सुल्तानपुरी भी पैनल में, कांगड़ा से आशा सर्वे में आगे। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–मंडी के रण में उतरेंगे विक्रमादित्य, प्रतिभा की जगह पी. डब्लयू.डी. मंत्री का नाम आगे भेजा। दैनिक जागरण लिखता है–मंडी में अब विक्रमादित्य हो सकते हैं कांग्रेस की पंसद।

राज्यसभा चुनाव की प्रकिया को कांग्रेस के प्रत्याशी रहे सिंघवी ने हाई कोर्ट में दी चुनौती–पर्ची से निकाले परिणाम पर उठाए सवाल, चुनाव रद्द करने की गुहार–अमर उजाला की एक खबर है। इसी खबर पर हिमाचल दस्तक लिखता है–सिंघवी ने पर्ची से विजेता घोषित करने को हाईकोर्ट में दी चुनौती।

दैनिक सवेरा टाईम्स केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखता है–कांग्रेस नेता अपने लगाए आरोपों के सबूत दें।

हिमाचल वन विभाग को मिले 54 वन रक्षक आपका फैसला की एक खबर है।

प्रदेश में बढ़ रही दिल की बीमारियां, केस स्टडी में 92 प्रतिशत लोगों को कोरोनरी आर्टरी डिजीज, स्वास्थ्य सुविधाओं पर प्रति व्यक्ति 27 हजार 400 रूपये हो रहे खर्च–शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–आई.जी.एम.सी. के कार्डियोलाजी विभाग ने 4 हजार लोगों पर किया सर्वे। इसी अखबार की एक अन्य खबर है–महादेव एप से 100 करोड़ से अधिक की ठगी का हिमाचल कनेक्शन– आरोपी नीतिश को छत्तीसगढ़ से धर्मशाला लाई हिमाचल पुलिस, 11 दिन का रिमांड।